## संक्षिप्त

### अग्रवाल समाज की कार्यकारणी घोषित

**निवाई।** अग्रवाल समाज चौरासी के अध्यक्ष महेन्द्र चंवरिया ने सर्वसम्मती से कार्यकारणी का विस्तार करते हुए कार्यकारिणी का गठन किया है। अध्यक्ष महेन्द्र चंवरिया ने बताया कि कार्यकारणी में संरक्षक के पद पर पारसमल पहाड़ी, ताराचंद बोहरा एवं सुशील आरामशीन का मनोनीत किया है। इसी प्रकार उपाध्यक्ष के पद पर सुरेशचन्द जैन माधोराजपुरा, पारसमल प्रैस एवं दिलीप बगडी, महामंत्री राजेश गिंदोडी, विमलकुमार झिलाय एवं दिनेश चंवरिया, मंत्री के पद पर गिरिराज मोटूका, कोषाध्यक्ष श्रीपाल सेदरिया, संगठन मंत्री राकेश जैन एवं सुरेन्द्र माधोराजपुरा, राजनीतिक सलाहकार ताराचंद रामनगर, प्रचार प्रसार मंत्री हेमराज नमक, विवाह प्रकोष्ठ में रामपाल चंवरिया, ताराचंद भाणजा, चिकित्सा प्रभारी महेंद्र सारसोप, महेंद्र कुरेडी, मुकेश मित्रपुरा एवं महेंद्र लावा, शिक्षा प्रकोष्ठ में अशोक सिंहल, महावीरप्रसाद रामनगर एवं देवेन्द्र कुमार टोंक व सेवा प्रकोष्ठ में बंटी बड़ागांव, धर्मचंद सेदरिया एवं नरेश बड़ागांव को मनोनीत किया है। प्रवक्ता हेमराज नमक ने बताया कि कार्यकारणी में सदस्यों के रूप में विमल बढ़ेरा, बंटी कठमाना, तेजपाल कठमाना, सुशील गिंदोडी, योगेश झिलाय, पवन बोहरा, राजेन्द्र सांवलिया एवं मोहन सिरस को मनोनीत किया गया है।

### कलक्ट्रेट का निरीक्षण

**दौसा** (निसं.)। नव पदस्थापित जिला कलक्टर डॉ. सौम्या झा ने सोमवार को जिला कलक्ट्रेट कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न शाखाओं का जायजा लेते हुए वहां कार्यरत अधिकारियों एवं कार्मिकों से कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी ली। जिला कलक्टर ने अधिकारी-कार्मिकों को समयबद्ध रूप से कार्य निष्पादन करने, लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने तथा अभिलेखों का सुव्यवस्थित संधारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन से जुडे कार्यों में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए और पारदर्शिता के साथ कार्य किया जाए। उन्होंने कार्यालय की कार्यकुशलता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान कलक्ट्रेट परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए जिला कलक्टर ने इसे निरंतर बनाए रखने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण किया जाएगा तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर रहेगा।

### बैठक आयोजित

**पावटा।** विराटनगर क्षेत्र के ठाम जयसिंहपुरा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में सोमवार को विराटनगर उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति (आरएमआरएस) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अस्पताल से जुडे विभिन्न विभागीय कार्यों एवं प्रस्तावों पर चर्चा कर उनका अनुमोदन किया गया। बैठक के पश्चात उपखंड अधिकारी ने सीएचसी के निर्माणाधीन नवीन भवन का औचक निरीक्षण किया और कार्य की प्रगति का जायजा लिया।

# टोंक में ओवरलोड डंपरों के खिलाफ प्रदर्शन

**टोंक।** देवली शहर के जयपुर रोड स्थित इमानुएल मिशन स्कूल के पास वाली कॉलोनी के लोगों ने सोमवार को ओवरलोड वाहनों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। कॉलोनीवासियों ने गिट्टी से भरे एक ओवरलोड डंपर को रोककर पुलिस हेल्पलाइन 112 पर सूचना दी तथा कॉलोनीवासियों का आरोप है कि उनके निजी प्रयासों से निर्मित सड़क पर दिनभर भारी ओवरलोड डंपर गुजरते हैं। इससे न केवल सड़क लगातार क्षतिग्रस्त हो रही है, बल्कि बिजली के तार टूटने और दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है, डंपर मालिकों और चालकों को बार-बार समझाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। इस दौरान प्रदर्शन कर उन्होंने पुलिस को मौके पर ज्ञापन सौपा तथा बताया कि बजरी के ट्रैक्टर ट्रॉलियां, क्रेशर के बड़े वाहन और गिट्टी के डंपर कॉलोनी की शांति और सुरक्षा के लिए खतरा बन गए हैं। लोगों ने पुलिस प्रशासन से इन ओवरलोड वाहनों को तुरंत जब्त करने और कॉलोनी की सड़कों पर इनके प्रवेश पर प्रभावी रोक लगाने की मांग की है। इस सड़क पर दो स्कूल भी हैं, जहां सैकड़ों छात्र पढ़ते हैं। स्कूल खुलने और छुट्टी के समय भी ये ओवरलोड वाहन नहीं रुकते, जिससे हमेशा हादसे का अंदेशा बना रहता है।

- कॉलोनीवासियों ने गिट्टी से भरे एक ओवरलोड डंपर को रोककर पुलिस हेल्पलाइन 112 पर सूचना भी दी
- क्रेशर के बड़े वाहन कॉलोनी की सुरक्षा के लिए खतरा बन गए हैं

ओवरलोड डंपरों को बंद करवाने की मांग को लेकर पुलिस को मौके पर ज्ञापन सौपा ।

## एसआई परीक्षा 72 केंद्रों पर शांति से संपन्न हुई

**भरतपुर** (निस)। राजस्थान लोक सेवा आयोग की एसआई भर्ती 2025 के एग्जाम का आज दूसरा दिन पहली पारी में सुबह 11 बजे से सामान्य हिंदी का पेपर है। इसके लिए सुबह 9 बजे से परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की एंट्री शुरू हुई। 10 बजे परीक्षा केंद्रों के गेट बंद कर दिए गए।

भरतपुर के मास्टर आदित्येन्द्र उच्च माध्यमिक विद्यालय में महिला अभ्यर्थी के कानों के कुंडल और बालों में लगा रबर बैंड निकलवाया गया। सभी अभ्यर्थियों की मेटल डिटेक्टर से जांच की गई। भरतपुर में उप निरीक्षक एवं प्लाटून कमांडर भर्ती परीक्षा का पहला दिन शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हो गया। परीक्षा का दूसरा दिन आयोजित किया गया। वहीं पहले दिन लगभग 7,000 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे थे। परीक्षा को निष्पक्ष और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त इंतजाम किए गयें। जिले में 12 फ्लाइंग स्क्वॉड (उडनदस्ते) तैनात किए गए। प्रत्येक टीम में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, एक वरिष्ठ तृ अधिकारी और शिक्षा विभाग का एक अधिकारी शामिल रहे।

## 'पटवारी 8 तक उपस्थिति देवे'

**टोंक।** पटवारी सीधी भर्ती परीक्षा-2025 में अंतिम रुप से चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति के लिए राजस्व मण्डल अजमेर द्वारा टोंक जिला आंवटित किए जाने पर राजस्थान राजस्व अधीनस्थ सेवा में पटवारी के पद पर परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी के रुप में पटवार प्रशिक्षण शाला, टोंक में 24 मार्च 2026 तक उपस्थिति देने के लिए निर्देशित किया गया था।

उपखंड अधिकारी टोंक हुक्मीचंद रौहलानिया ने बताया कि आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए कार्यग्रहण की अन्तिम तिथि 1 अप्रैल 2026 तक बढ़ाई गई थी। इसके उपरान्त भी रोल नं. 316740 शुभ राम सैनी, 385079 श्याम सुन्दर मीना, 385951 आशा मीना, 401125 मोनू सैनी, 605822 पिंकी देवी शर्मा, 631128 श्रीराम मूंड, 675056 भीमा राम एवं 735226 अभिषेक शर्मा द्वारा उपस्थिति प्रस्तुत नही की गई है।

अभ्यर्थियों को पुन: निर्देशित किया जाता है कि अपनी उपस्थिति 8 अप्रैल 2026 तक प्रधानाध्यपक पटवार प्रशिक्षण केन्द्र टोंक को प्रस्तुत करें अन्यथा आपकी नियुक्ति स्वत: ही निरस्त मानी जाएगी। इसे जिला टोंक की वेबसाईट पर भी देखा जा सकता है।

# कानोता में तीन दिवसीय हिंदी नेस्ट कार्यशाला रही यादगार

**जयपुर**, (निस)। शहर के समीप कानोता कैम्प में आयोजित तीन दिवसीय हिंदी नेस्ट कथा-कहन कार्यशाला का सफल एवं प्रेरणादायी समापन हुआ। देश के विभिन्न हिस्सों से आए प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कहानी कहने की कला के विविध आयामों को सीखा और अपनी रचनात्मकता को नई दिशा दी।

इस वर्ष कार्यशाला का आयोजन दिग्गज साहित्यकार रघुनंदन त्रिवेदी की स्मृति में किया गया, जिसने कार्यक्रम को भावनात्मक और साहित्यिक ऊंचाई प्रदान की। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में रिजॉर्ट के संचालक डॉ. बहादुर सिंह राठौड़ ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस कार्यशाला की प्रेरणा से उन्होंने स्वयं दो पुस्तकें लिखीं।

वहीं वरिष्ठ कथाकार मनीषा कुलश्रेष्ठ ने कहा, कहानी सिखाई नहीं जाती, लेकिन रचनात्मकता का बीज जरूर बोया जा सकता है। कुश वैष्णव ने इसे छह वर्षों की साधना का परिणाम बताया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों की श्रेष्ठ कहानियों के संकलन सीपियां का विमोचन किया गया, साथ ही धनक-5 के किंडल संस्करण का भी लोकार्पण हुआ। पहले सत्र में डॉ. सत्यनारायण, विनोद भारद्वाज और मनीषा कुलश्रेष्ठ ने रघुनंदन त्रिवेदी की रचनात्मक विरासत पर चर्चा की। गीत चतुर्वेदी ने फिक्शन लेखन में आंतरिक द्वंद्व को अपनाने की सलाह दी। जयप्रकाश पांडे और यतीन्द्र मिश्र ने कथेतर लेखन में भी 'कहानीपन' की अनिवार्यता बताई। डॉ. विनय कुमार ने कहा, अंधेरों से बचोगे तो रच नहीं पाओगे। प्रभात रंजन ने भाषा के देसीपन को उसकी शक्ति बताया। पंकज सुबीर और मनीषा कुलश्रेष्ठ ने कथानक को कहानी में ढालने की प्रक्रिया समझाई। दूसरे दिन कला, अपराध कथा, अंतरराष्ट्रीय साहित्य, ग्राफिक नॉवेल और कहानी-उपन्यास के अंतर जैसे विषयों पर समृद्ध संवाद हुए। तीसरे दिन रघुनंदन त्रिवेदी की कहानी पर आधारित नाटक एल्बम का मंचन अरु व्यास के निर्देशन में हुआ, जिसमें स्वाति व्यास ने प्रभावशाली अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंतिम सत्रों में लेखन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, पटकथा लेखन और 'परकाया प्रवेश' जैसे विषयों पर गहन चर्चा हुई। फिल्म स्क्रिप्ट राइटर पुनीत शर्मा ने प्रतिभागियों को पटकथा लेखन के व्यावहारिक गुर सिखाए। कार्यशाला के अंत में प्रतिभागियों को मंच प्रदान कर उनके कथानकों पर चर्चा की गई और प्रमाण-पत्र वितरण के साथ कार्यक्रम का सफल समापन हुआ।


कानोता में कथा-कहन की सृजन यात्रा का समापन हुआ।

- कहानी सिखाई नहीं जाती, लेकिन रचनात्मकता का बीज जरूर बोया जा सकता है। कुश वैष्णव ने छह वर्षों की साधना का परिणाम बताया

## "भाजपा हर चुनौती के लिए तैयार'

**दौसा** (निसं.)। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर दौसा भाजपा जिला कार्यालय पर ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

महिला मोर्चा द्वारा बनायी गई रंगोली ने वातावरण को और भी मनमोहक बना दिया। भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मी रेला ने सभी अतिथियों का माला एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि डॉ.अपूर्वा सिंह नें भाजपा के स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यकर्ताओं के समर्पण और बलिदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने आपातकाल और कांठोस के शासनकाल के दमन से लेकर पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में राजनीतिक हिंसा तक हर तरह की कठिनाइयों का सामना किया है, ताकि पार्टी को मजबूत किया जा सके और राष्ट्र की सेवा की जा सके।

उन्होंने कहा भाजपा की स्थापना से लेकर आज तक की यात्रा संघर्षपूर्ण, त्याग, तपस्या और बलिदान के बाद आज पार्टी बर्नी "वटवृक्ष" भाजपा के मूल विचारधारा से जुडे कार्यकर्ताओं को हर समय मिलना चाहिए सम्मान, संगठन की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता "एक राष्ट्र, एक जन, एक संस्कृति" का सिद्धांत भाजपा की मूल पहचान, ये ही पहचान इसे अन्य दलों से करती है।

# कोटा से एमसीए कर रही सांभर की बेटी सिमरन का मनाली बस दुर्घटना में मौत

**सांभरझील,** (निसं)। सांभर अंजुमन हुसामिया इस्लामिया दरगाह कमेटी के सेक्रेटरी अजीज मोहम्मद रंगरेज की पोती व सांभर की अदालत में प्रेक्टिस कर रहे एडवोकेट इलियास बाबू रंगरेज की बेटी का कुल्लू मनाली बस दुर्घटना में इंतकाल होने सभी में गहरा शोक व्याप्त हो गया। मृतका सिमरन कोटा की एक यूनिवर्सिटी में मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन की अंतिम वर्ष की छात्रा थी। सॉफ्टवेयर इंजीनियर के क्षेत्र में बडी उपलब्धि हासिल करने की तमन्ना रखने वाली सिमरन के अकस्मात दुनिया छोडकर चले जाने से उसके दादा, वालदा-वालदी, घर के सभी लोग व रिश्तेदार गहरे सदमे में है। एडवोकेट इलियास बाबू रंगरेज की लाडली के निधन पर सांभर बार एसोसिएशन में भी शोक की लहर छा गई, वहीं अंजुमन हुसामिया इस्लामिया कमेटी में भी गम का माहौल बना हुआ है। सिमरन सांभर मे छुट्टियां बिताने के बाद 1 तारीख को ही वापस कोटा चली गई थी। मई माह में होने वाली परीक्षा के लिए वह पूरी तरह प्रीपेड थी। एजुकेशन टूर दल के साथ वह कुल्लू-मनाली के लिए रवाना हुई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार रात जब बस जालोरी पास से घूमकर लौट रही थी, तभी बस के ब्रेक फेल हो गए बताए जिससे अनियंत्रित होकर गहरी खाई में बस के तेज गति से गिर जाने के कारण यह दर्दनाक हादसा हो गया। रविवार को स्थानीय पुलिस ने परिजनों को हादसे की जानकारी दी तो घर के सभी लोग सदमे में आ गए। मृतका के पिता व अन्य लोग आनन-फानन में घटनास्थल के लिए रवाना हो गए। सोमवार के दिन शाम करीब 4:00 बजे बाद नृतका का पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनो की सुपुर्द किया गया।

# स्वच्छता को जन आंदोलन बनाना है जरुरी : के. के. गुप्ता

**अलवर/जयपुर।** जिला कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के ब्रांड एंबेसेडर, राजस्थान सरकार के.के. गुप्ता द्वारा जिले के समस्त नगरीय निकायों की स्वच्छता कार्यशाला को संबोधित किया गया। इस दौरान स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

ब्रांड एंबेसेडर गुप्ता ने कहा कि सभी निकाय समन्वय और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए शहरों को स्वच्छ, सुंदर एवं हरित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे तथा इस कार्यशाला के सकारात्मक परिणाम शीघ्र ही दिखाई देंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की 'जीरो टॉलरेंस' नीति के अंतर्गत स्वच्छता कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूर्ण जिम्मेदारी और समर्पण भाव से कार्य करने के निर्देश दिए गए। ब्रांड एंबेसेडर गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता कोई साधारण कार्य नहीं है, जहां स्वच्छता की स्थापना हो गई वहां बड़े बदलाव की आगाज होकर रहता है। सही मायनो में स्वच्छता ना केवल क्षेत्र, जिला और प्रदेश की तस्वीर बदलेगी बल्कि व्यक्ति के जीवन को भी बदल कर रख देगी। इसका जीता जागता उदाहरण प्रदेश के डूंगरपुर जिला मुख्यालय पर देखने को मिल रहा है। आज राजस्थान ही बल्कि अंतर्राष्ट्रीय पटल पर डूंगरपुर मॉडल के चर्चे है। गुप्ता ने अनुभव साझा करते हुए कहा कि उनके सभापति कार्यकाल में डूंगरपुर ने स्वच्छता को लेकर ऐतिहासिक कार्य किए। जनजाति बहुल जिले की निकाय ने स्वच्छता में ऐसा बड़ा काम और करिश्मा कर दिखाया कि समूचे विश्व में डूंगरपुर की विशिष्ट पहचान कायम हुई।

डूंगरपुर मॉडल देश-प्रदेश के अन्य क्षेत्रों के लिए नजीर बना। यह संभव भी तब हो पाया जब जनसहभागिता सुनिश्चित की गई। गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री महोदय भजनलाल शर्मा ने जयपुर के अल्बर्ट म्यूजियम से स्वच्छ भारत अभियान को प्रदेश के प्रत्येक नगर निकाय क्षेत्र में साकार करने का संदेश दिया है। मुख्यमंत्री के संकल्प को पूरा करने प्रदेशवासियों को जागरूक रहना होगा।

नगर निकाय के साथ प्रत्येक विभाग का दायित्व है कि मुख्यमंत्री के विजन और संकल्प को साकार करने के लिए अपने हिस्से का दायित्व पूरी ईमानदारी के साथ निभाएं। जिम्मेदार अधिकारी स्वच्छता को बोध कराएं और विकसित भारत निर्माण की कल्पना को साकार करने जी जान से जुट जाएं।

गुप्ता ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री महोदय की यह मंशा है कि राज्य के किसी भी जिला गांव ढाणी में बैठा व्यक्ति स्वच्छता से वंचित नहीं रहे क्योंकि जहां स्वच्छता और साफ सफाई होगी तो वातावरण में शुद्धता रहेगी। वही, जहां शुद्धता का वास होता है वहां के लोगों का स्वास्थ्य भी हमेशा अच्छा रहता है तथा एक स्वस्थ बौद्धिक मानव संसाधन देश और प्रदेश को प्रगति के राह पर ले जाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रदेश और केंद्र की सरकार द्वारा लोगों की स्वास्थ्य सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आयुष्मान आरोग्य योजना जैसी योजनाएं चलाई जाती हैं जिसमें आज भी अनुमानित 3500 करोड़ रुपए व्यय होता है वहीं यदि लोगों का स्वास्थ्य उत्तम रहेगा तो इन योजनाओं पर होने वाला खर्च बचेगा और अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में यह धनराशि उपयोग में आएगी।

अलवर जिला कलेक्ट्रेट में स्वच्छ भारत मिशन को लेकर के.के. गुप्ता की मौजूदगी में बैठक का आयोजन हुआ।

- मुख्यमंत्री के हैं सख्त निर्देश
- स्वच्छता में जीरो टॉलरेंस की नीति पर होगा काम : के. के. गुप्ता
- स्वच्छ भारत मिशन प्रदेश ब्रांड एंबेसडर गुप्ता ने जिला अलवर में स्वच्छता कार्यशाला को किया संबोधित

## टायर फटने से सीमेंट ट्रेलर दुर्घटनाग्रस्त

**पावटा।** कस्बे में जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को एक बड़ा हादसा घटित होते-होते टल गया। जानकारी के अनुसार जयपुर से दिल्ली की ओर जा रहा सीमेंट से भरा ट्रेलर बल्कर अचानक टायर फटने के कारण अनियंत्रित हो गया।

घटना निरंकारी भवन के सामने हुई, जहां ट्रेलर चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका।


**तीये की बैठक**



अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरी धर्मपत्नी **श्रीमती सरोज शर्मा** का देवलोक गमन दिनांक 5.4.2026 रविवार को हो गया है। जिनकी तीये की बैठक दिनांक 7.4.2026 मंगलवार को सांय 5-6 तक कृष्ण मंदिर 20 दुकान आदर्श नगर जयपुर रखी गई है।
**शोकाकुल-** पं. मोहनलाल शर्मा (पति), अभिषेक- रूचि (पुत्र- पुत्रवधू), नारायण लाल शर्मा, मिट्ठू लाल, ओमप्रकाश, पुरण, हनुमान, अनूप, पुष्पेंद्र, योगेश, सुरेंद्र, भारत (भतीजे), जयकुमार, अक्षय, भूपेंद्र, आशीष, यश, अंकित, खेमराज, तनु, सार्थक (पौत्र), योजस (प्रपौत्र), समस्त ढांचौलिया परिवार।
मो.नं.- 9314502902, 9079253558

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या श्रीमती सुशीला देवी पत्नी श्री मोहनलाल, जाति-ग्वारिया, निवासी छोटा गुढ़ा, रेलवे स्टेशन के पास, गवारिया की ढ़ाणी, सरगोठ, जिला-सीकर (राज.) की है, जिसके नाम एक कृषि भूमि खातेदारी वाके चक 12 एम.जी.एम. के मुरब्बा नम्बर-82/26 के किला नम्बर-2 मे 1 बीघा, किला नम्बर-9 ता 13 मे 5 बीघा, किला नम्बर-18 ता 23 मे 6 बीघा कुल तादादी भूमि-12 बीघा की एकमात्र मालिक, काबिज एवं स्वामिनी है। उक्त भूमि मे जिप्सम निकालने हेतु मेरी अभिभाष्या ने एक मुख्त्यारनामा-आम दिनांक-01.04.2015 को अपने विश्वास पात्र व्यक्ति देशराज सिंह पुत्र श्री मुलकराज सिंह, जाति-राजपूत, निवासी-बंगला नगर, बीकानेर को दी थी, जिसे मेरी अभिभाष्या द्वारा पूर्व मे मौखिक व लिखित निरस्त कर दिया गया है। उक्त मुख्त्यार को अब उक्त भूमि पर किसी भी प्रकार का कोई अधिकार शेष नही रहा है। अतः मेरे उक्त मुख्त्यार द्वारा कोई संव्यवहार किया जाता है, या मुख्त्यारनामे का दुरूपयोग किया जाता है, तो ऐसा प्रत्येक संव्यवहार मेरी अभिभाष्या के अधिकारो के प्रति प्रभावशून्य होगा। अतः सूचित रहे।
जयपुर — कैलाश चन्द सैनी, एडवोकेट
दिनांक-06.04.2024 — मो.-99298-34737

**NAME CHANGE**

I have changed my son name from Priyam Singh to Priyam Singh Jadon son of Bhanu Singh Jadon.My son will be known by this name in future purpose. Address :- Plot no 56,Brij Vihar Colony,Jagatpura Jaipur Rajasthan 302017.

I have changed my name from Bhanu Singh to Bhanu Singh Jadon son of Shri Tikam Singh. I will be known by this name in future purpose . Address:- plot no 56,Brij Vihar Colony, Jagatpura,Jaipur Rajasthan 302017.

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**
**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/2012
चूंकि प्रार्थी श्री ANKIT SOMANI, RADHA MUKUND KUNJ, HATHI BABU KA BAGH, NEAR POLO VICTORY, KANTI NAGAR, JAIPUR, RAJASTHAN-302006 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास संजय कुमारी सोमानी मेमोरियल ट्रस्ट HATHI BABU KA BAGH, NEAR POLO VICTORY, KANTI NAGAR, JAIPUR, RAJASTHAN-302006 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 24.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 01.06.2026
मोहर अदालत — सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

**खोया पाया**

सूरजपोल गेट गृह विकास सहकारी समिति के स्कीम नं. साई भूमि Ist स्थित पहाडिया, जयपुर के प्लाट नं. 24 का मूल पट्टा एवं अन्य कागजात कालाडेरा में कहीं गिर गये मिलने पर सूचित करें। अनिल कुमार भट्ट 8003087713

मेरा प्लॉट (दुर्गा देवी पत्नी श्री स्व. रामदयाल सिंह तंवर) नंबर 15, यादव नगर, जमुनापुरी, मुरलीपुरा का मूल पट्टा, रसीद, साइड प्लान जो एक पिंक थैली में थे, सीकर रोड एक नंबर बत्ती से केडिया पैलेस के बीच गिर गए मिलने पर सूचित करें 7014543146, 7219909232

मेरे मकान सं. 51/29, प्रताप नगर सांगानेर जयपुर का मूल भौतिक कब्जा पत्र कहीं गुम हो गया है। मिलने पर सम्पर्क करें। 9079352182

मेरे मकान सं. 51/29, प्रताप नगर सांगानेर जयपुर का मूल भौतिक कब्जा पत्र कहीं गुम हो गया है। मिलने पर सम्पर्क करें। 9079352182

हमारे प्लॉट नंबर 10 योजना- पंचवटी कॉलोनी, केशोपुर, अजमेर, रोड़ जयपुर में स्थित का मूल दस्तावेज कहीं गिर गए है किसी भी व्यक्ति को मिलने पर सूचित करे कैलाश चंद खंडेलवाल निकेश शर्मा & राम बाबू शर्मा संपर्क 8114429541

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित रहे कि ग्राम टोडी रमजानीपुरा, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर में स्थित खसरा नंबर 186 रकबा 0.02 हैक्टेयर, खसरा नंबर 186/309 रकबा 0.17 हैक्टेयर व खसरा नंबर 186/310 रकबा 0.04 हैक्टेयर भूमि का एकल पट्टा दिनांक 10.04.2013 का पट्टा विलेख क्रमांक 19444 क्षेत्रफल 1560.33 वर्गमीटर का पट्टा/स्वैत्व श्रीमती दुर्गा कुमारी राठौड़ पत्नी स्व. श्री पृथ्वीसिंह राठौड़ के नाम से जारी है, उक्त दुर्गा कुमारी राठौड़ ने उक्त एकल पट्टे की रजिस्टर्ड वसीयत श्रीमती मौल श्री राठौड़ पत्नी श्री सिद्धार्थ सिंह राठौड़ निवासी प्लॉट नंबर 01, दुर्गा विहार, रेलवे कॉलोनी, जगतपुरा जयपुर के हक में दिनांक 20.05.2022 को कर दी तथा दिनांक 24.12.2022 को उक्त श्रीमती दुर्गा कुमारी राठौड़ का स्वर्गवास हो चुका, तत्पश्चात् उक्त एकल पट्टे की संपूर्ण संपत्ति की मालिक स्वामी उक्त मौल श्री राठौड़ स्वत्व अधिकार आधिपत्य की हो गई हैं। जिससे क्रय करने का इकरार मेरे अभिभाष्य श्री राजेश पुत्र स्व. श्री कन्हैया लाल निवासी 2956, उनियारों का रास्ता, चांदपोल बाजार, जयपुर मो.नं. 9783837604 ने दिनांक 02.03.2026 को कर रखा है उक्त इकरारनामे से किसी को भी कोई भी आपत्ति हो तो वह व्यक्तिगत रूप से मय दस्तावेजात् अंकित फोन नंबर वाले उक्त व्यक्ति से 7 दिन के भीतर-भीतर सूचना प्रकाशन से संपर्क करे, अन्यथा आपत्ति उक्त क्रेता के विरुद्ध शून्य व प्रभावहीन होगी व किसी भी व्यक्ति, संस्था द्वारा उक्त एकल पट्टा संपत्ति बाबत् कोई भी संपत्ति हस्तांतरण, ट्रांजेक्शन किया जाता है तो मेरे अभिभाष्य श्री राजेश के विरुद्ध शून्य व प्रभावहीन होगा।
कमलेश कुमार शर्मा, एडवोकेट
मो.नं.-9414040748

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 27224/2025
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम (1) श्रीमती सुप्रीति बनर्जी पत्नी स्व.श्री तपेश बनर्जी जाति बंगाली ब्राह्मण (2) सृष्टी बनर्जी पुत्री श्रीमती सुप्रीति बनर्जी एवं स्व.श्री तपेश बनर्जी निवासियान-डी-45 चैतन्य महाप्रभु मार्ग, अम्बाबाडी जयपुर, हाल निवासी -बी-5/6, हरदेव कॉलोनी कल्याण नगर-6 सांगानेर जयपुर
विवाद स्थान...
मृतक अजीत कुमार बनर्जी की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 07.05.2026
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम अजीत कुमार बनर्जी पुत्र श्री भोला नाथ गोस्वामी जाति बंगाली ब्राह्मण निवासी डी-45 चैतन्य महाप्रभु मार्ग, अम्बाबाडी जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 07 माह 05 सन् 2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 2 माह 4 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
प्रार्थीगण ने मृतक अजीत कुमार के नाम प्रा.पत्र में वर्णित चल सम्पत्ति बाबत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र चाहा है।
मोहर अदालत — आज्ञा न्यायालय से-वरिष्ठ मुंसरिम, जिला एवं सैशन न्यायालय, जयपुर महानगर-प्रथम

**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची
संख्यांक 4
न्यायालय अपर सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट क्र.सं.2 जयपुर महानगर प्रथम जयपुर
**बालचन्द व अन्य विरूद्ध**
**श्रीमती सुशीला देवी व अन्य**
वाद/प्रार्थना पत्र 520/2025
प्रार्थना-पत्र संख्या T.I. सन्
नाम राजेश कुमार पुत्र मनसुख जाति राणा पता-प्लाट नं.241 रैगर कॉलोनी प्रताप नगर सांगानेर जयपुर (राज.)
उक्त निषेधाज्ञा हेतु प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि.....
अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उप आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 10 माह 04 सन् 2026 को 10 ए.एम. पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेशों की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।
यह आज दिनांक 27 माह 03 सन् 26 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
मोहर अदालत — न्यायाधीश, अपर जिला सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, क्रम-2, जयपुर महानगर प्रथम

**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची
संख्यांक 4
न्यायालय अपर सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट क्र.सं.2 जयपुर महानगर प्रथम जयपुर
**बालचन्द व अन्य विरूद्ध**
**श्रीमती सुशीला देवी व अन्य**
वाद/प्रार्थना पत्र 520/2025
प्रार्थना-पत्र संख्या T.I. सन्
नाम श्रीमती सुशीला देवी पत्नी मनसुख जाति राणा पता- प्लाट नं.241 रैगर कॉलोनी प्रताप नगर सांगानेर जयपुर (राज.)
उक्त निषेधाज्ञा हेतु प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि.....
अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उप आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 10 माह 04 सन् 2026 को 10 ए.एम. पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेशों की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।
यह आज दिनांक 27 माह 03 सन् 26 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
मोहर अदालत — न्यायाधीश, अपर जिला सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, क्रम-2, जयपुर महानगर प्रथम

**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची
संख्यांक 4 न्यायालय
श्रीमान उपखण्ड अधिकारी महोदय पावटा जिला कोटपूतली-बहरोड राजस्थान
**महावीर सिंह बनाम ओमप्रकाश वगैरह**
प्रार्थना पत्र बाबत पत्थरगढी करवाये जाने हेतु
प्रार्थना पत्र संख्या - 09/2023
बनाम बिरमा देव, विमला देवी पुत्रीयान पालचन्द उर्फ पालाराम जाति चमार निवासी राजनौता तहसील पावटा, जिला कोटपूतली-बहरोड़ राजस्थान प्रार्थी ने आपके विरूद्ध प्रार्थना पत्र बाबत पत्थरगढी करवाये जाने हेतु पंजीयन किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 09.04.2026 राजस्थान प्रार्थी ने आपके विरूद्ध प्रार्थना पत्र बाबत पत्थरगढी करवाये को दिन में 10 बजे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हो और जो इस प्रार्थना पत्र से सम्बन्धित सभी वारदान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आपस उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करे, जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या सुजराई के दाखि/सूजराई का प्रार्थना पत्र और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर प्रार्थना पत्र के समर्थन में साक्ष्य के रुप में निर्भर करते है तो आप ऐसे दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ठ करें।
आपको सूचित किया जाता है यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होगे तो प्रार्थना पत्र की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।
यह प्रार्थना पत्र तारीख 24/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
मोहर अदालत — उपखण्ड अधिकारी, पावटा (कोटपूतली-बहरोड)

**कार्यालय ग्राम पंचायत जड़ावता पंचायत समिति सवाई माधोपुर**
क्रमांक-04/2026-27 — दिनांक-01/04/2026
**ई-निविदा सूचना संख्या - 01/2026-27**
पंचायत समिति सवाई माधोपुर के अधीन ग्राम पंचायत जड़ावता में विभिन्न योजना में स्वीकृत कार्यो हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रकिया मे सक्षम श्रेणी मे पंजीकृत संवेदकों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित नियम, शर्ते व सम्बन्धी दस्तावेज लोक उपापन की वेबसाइट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखे एवं डाउनलोड किये जा सकते है।
मोहित कुमार सैन, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सवाई माधोपुर (राज.)
NIB No. ZSM2627A0005
UBN No. ZSM2627WSOB00005
प्रशासक, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सवाई माधोपुर (राज.)

**The Rajasthan State Co-operative Bank Ltd.**
DC-1, Lalkothi Shopping Center, Opposite Nehru Balodyan, Tonk Road, Jaipur-302015.
Ph.: 2744814, 2744476, Website: www.rscb.org.in
**Notice Inviting Tenders (NIT) Tender Notice No. RSCB/Purchase/26-27/01**
Tenders are invited on eProcurement Portal, Government of Rajasthan (https://eproc.rajasthan.gov.in) from eligible bidders for following:-
1. Request for proposal (RFP) for Annual Technical Support of Oracle Exadata Appliance and Oracle Security Products & Oracle OEM Advanced Customer Services Resource for Operational Support.

Tentative Schedule for tenders:-

| S.No. | Events Particulars | Date & Time |
|---|---|---|
| 1. | Start date and time of sale/download of e-bid | 07.04.2026, 10.00 AM |
| 2. | Last date and time of sale/download of e-bid | 27.04.2026, 10.30 AM |
| 3. | Last Date of submission of e-bid with Bid security | 27.04.2026, 10.30 AM |
| 4. | Opening of Technical bid | 27.04.2026, 11.30 AM |
| 5. | Websites where tender is available | https://eproc.rajasthan.gov.in, https://rscb.bank.in, https://sppp.rajasthan.gov.in |

DGM (P&D) & Convener High Level Purchase Committee

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति (फ.स.), चौमूँ जयपुर**
राधाबाग कॉलोनी सीकर रोड चौमूँ
PH. NO. 01423-220047 FAX NO. 01423-223873, Email:- KUMS.CHOMUFV@rajasthan.gov.in
क्रमांक : — दिनांकः
**निविदा सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस मंडी समिति में निम्नलिखित व्यवस्थायें / कार्य करवाने हेतु ठेके देने के लिये इच्छुक निविदादाता फर्मो से दिनांक 13.04.2026 को प्रातः 11.00 बजे तक निर्धारित निविदा प्रपत्र में बन्द लिफाफे में निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. सं. | कार्य / व्यवस्था का नाम | ठेके की अवधि | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू. में) |
|---|---|---|---|
| 1 | कम्प्यूटर आपरेटर ठेका | एक वर्ष | 6.00 लाख रूपयें |
| 2 | सफाई व्यवस्था ठेका | एक वर्ष | 9.50 लाख रूपयें |

प्राप्त निविदाओं को उसी दिन दोपहर 02.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं (यदि कोई उपस्थित हों) के समक्ष खोला जायेगा। निविदा से सम्बंधित अन्य विस्तृत विवरण, निविदा शर्तो व जानकारी www.sppp.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट www.mandi.agriculture.rajasthan.gov.in पद पर तथा किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालय समय में कार्यालय में उपस्थित हो कर अवलोकन की जा सकती है।
DAM2627A0007 — सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति (फ.स.) चौमूँ जयपुर